Adda247 GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/03/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** एक दुकानदार ने ₹400 प्रति दर्जन की दर से 52 दर्जन वस्तुएं खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु को ₹58 की दर से बेचा। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ A. 74 %
✗ B. 73 %
✗ C. 71 %
✗ D. 75 %

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सी क्रमशः असम और कर्नाटक में उगाई जाने वाली बागान फसलें (Plantation crops) हैं?

**Ans**
✗ A. गन्ना और सरसों
✗ B. जौ और रागी
✔ C. चाय और कॉफी
✗ D. चावल और गेहूँ

**Q.3** स्वतंत्रता आंदोलन के उग्रवादी चरण के दौरान कौन-सा भारतीय राष्ट्रवादी नेता एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरा, जिसने प्रत्यक्ष कार्रवाई और जन लामबंदी पर बल दिया?

**Ans**
✗ A. गोपाल कृष्ण गोखले
✗ B. दादाभाई नौरोजी
✗ C. सुरेंद्रनाथ बनर्जी
✔ D. बाल गंगाधर तिलक

**Q.4** भारतीय नौसेना का पाल विधि से निर्मित कौन-सा नौकायन पोत दिसंबर 2025 में पोरबंदर से मस्कट तक अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए रवाना किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को पुनर्जीवित करना है?

**Ans**
✔ A. INSV कौंडिन्य
✗ B. INSV महादेई
✗ C. INSV शार्दुल
✗ D. INSV तरंगिनी

**Q.5** जुलाई 1991 में रुपये का अवमूल्यन कितना हुआ था?

**Ans**
✗ A. 25 प्रतिशत
✔ B. 18 प्रतिशत
✗ C. 10 प्रतिशत
✗ D. 30 प्रतिशत

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. OKM
- ✓ B. MIL
- ✗ C. QMO
- ✗ D. SOQ

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सा शहरी वायु में बढ़े हुए कणिका द्रव्य (PM2.5) का एक प्रत्यक्ष परिणाम है?

**Ans**
- ✗ A. महासागरीय अम्लीकरण
- ✗ B. समतापमंडलीय ओजोन परत का क्षरण
- ✓ C. श्वसन संबंधी स्वास्थ्य समस्याएँ
- ✗ D. मृदा की उर्वरता में वृद्धि

**Q.8** वित्तीय वर्ष 2024-25 में, विदेशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा घर भेजे गए ______________ के कुल परेषण ने एक नया रिकॉर्ड बनाया।

**Ans**
- ✓ A. 135.46 बिलियन डॉलर
- ✗ B. 126.76 बिलियन डॉलर
- ✗ C. 156.10 बिलियन डॉलर
- ✗ D. 122.57 बिलियन डॉलर

**Q.9** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) % 1 7 3 < $ 3 7 4 ^ < & # 5 < 3 ^ % > \ & (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक से ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद भी एक संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✓ D. एक

**Q.10** उस त्रिक का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरित किए गए पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
CLUB-CUBL-ULCB
HANG-HNGA-NAHG

**Ans**
- ✓ A. MASK-MSKA-SAMK
- ✗ B. BALD-DLAB-LADB
- ✗ C. NEST-ETNS-TNSE
- ✗ D. EARN-ARNE-ENRA

Adda247

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी गोरिल्ला, बंदर हैं। कुछ बंदर, बबून हैं। सभी बबून, चिपांजी हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी चिपांजी, बंदर हैं।
(II) कुछ चिपांजी, गोरिल्ला हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.12 कितने वर्षों में ₹8,400 पर 4% वार्षिक ब्याज दर से ₹840 साधारण ब्याज प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 3.5
- ✓ B. 2.5
- ✗ C. 1.5
- ✗ D. 5

Q.13 पहली शताब्दी ईसा पूर्व के किस बौद्ध ग्रंथ में बुद्ध के संवादों को दर्ज किया गया है?

Ans
- ✓ A. सुत्त पिटक
- ✗ B. जातक कथाएँ
- ✗ C. अभिधम्म पिटक
- ✗ D. विनय पिटक

Q.14 m का वह मान ज्ञात कीजिए, जो निम्न समीकरण को संतुलित करेगा।

$$\left(\frac{17}{4}\right)^{9} \times \left(\frac{4}{17}\right)^{8} \times \left(\frac{17}{4}\right)^{15} = \left(\frac{4}{17}\right)^{5m+15}$$

Ans
- ✓ A. $-\frac{31}{5}$
- ✗ B. $-\frac{32}{5}$
- ✗ C. $-\frac{39}{5}$
- ✗ D. $-\frac{40}{5}$

Q.15 एक व्यवसाय में A, B और C के निवेश का अनुपात 3 : 5 : 4 हैं। कुल लाभ में से, B, A को ₹15,000 देता है, जिससे A का लाभ का हिस्सा C के लाभ के हिस्से के बराबर हो जाता है। व्यवसाय का कुल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1,50,000
- ✗ B. 1,20,000
- ✓ C. 1,80,000
- ✗ D. 2,40,000

Adda247

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा मान, व्यंजक $\frac{1.2}{0.3} + \frac{2.4}{0.6}$ के तुल्य है?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✗ B. 6
- ✓ C. 8
- ✗ D. 5

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LITE' को '3492' के रूप में और 'TIME' को '3954' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✗ B. 9
- ✗ C. 3
- ✓ D. 5

**Q.18** नीचे दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
MPL 79 KNJ 87 ILH 95 GJF 103 ?

**Ans**
- ✓ A. EHD 111
- ✗ B. EGC 110
- ✗ C. EIC 111
- ✗ D. EJP 110

**Q.19** यदि कोई नाव स्थिर जल में 12 km/hr की चाल से चलती है और धारा की चाल 3 km/hr है, तो नाव को धारा के अनुदिश 60 km की दूरी तय करने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✗ B. 6
- ✓ C. 4
- ✗ D. 9

**Q.20** A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। जिन तलों पर D और B रहते हैं उनके क्रमांकों का गुणनफल 15 है। A, F के ठीक ऊपर रहता है। जिन तलों पर C और B रहते हैं उनके क्रमांकों का योग 7 है। उन तलों के क्रमांकों का योग कितना है जिन पर B और F रहते हैं?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✗ B. 5
- ✓ C. 4
- ✗ D. 6

**Q.21** निम्न में से कौन-सा शॉर्टकट सेलेक्ट किए गए आइटम की प्रॉपर्टीज़ (Properties) को ओपन करता है?

**Ans**
- ✗ A. Alt+Shift
- ✗ B. Alt+Ctrl
- ✗ C. Alt+E
- ✓ D. Alt+Enter

**Q.22** 10 नवंबर 2025 को, पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (Pan American Health Organization - PAHO) ने घोषणा की कि अमेरिका क्षेत्र अब निम्नलिखित में से किस रोग के स्थानिक संचरण से मुक्त होने की स्थिति को बरकरार नहीं रख पाया है?

**Ans**
- ✗ A. पीत ज्वर (Yellow fever)
- ✗ B. हैज़ा (Cholera)
- ✓ C. खसरा (Measles)
- ✗ D. पोलियो (Polio)

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.23 गुप्तोत्तर काल के बाद के भारत में श्रेणियों (संघों) की क्या भूमिका थी?

Ans
- ✗ A. प्रशासन
- ✗ B. धार्मिक सुधार
- ✗ C. सैन्य सेवा
- ✓ D. विनियमित व्यापार और शिल्प

Q.24 किन वास्तुशिल्प विशेषताओं का व्यापक उपयोग मुगल वास्तुकला को प्रारंभिक धरणिक (trabeate) मंदिर निर्माण से पृथक करता है?

Ans
- ✗ A. वृत्ताकार स्तूप और रेलिंग
- ✗ B. लकड़ी के बीम और सपाट छतें
- ✓ C. मेहराब और गुंबद
- ✗ D. टोड़ादार छतें और सोपानी पिरामिड

Q.25 2025 में, किस बहुपक्षीय विकास बैंक ने भारत के साथ पांच ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की सहायता के लिए 650 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण भी शामिल है?

Ans
- ✗ A. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)
- ✗ B. एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB)
- ✗ C. वर्ल्ड बैंक
- ✓ D. एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB)

Q.26 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)

5 – 20 – 60 – 120
8 – 32 – 96 – 192

Ans
- ✗ A. 12 – 48 – 144 – 248
- ✗ B. 24 – 48 – 96 – 120
- ✗ C. 60 – 240 – 80 – 160
- ✓ D. 10 – 40 – 120 – 240

Q.27 A और B एक काम को 21 दिनों में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उस काम को 28 दिनों में कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का तीन-चौथाई भाग ______________ दिनों में कर सकता है।

Ans
- ✗ A. 35
- ✗ B. 49
- ✗ C. 56
- ✓ D. 63

Q.28 भारत में कौन-सी पर्वत श्रृंखलाएँ पार-हिमालयी क्षेत्र (Trans-Himalayan zone) की पर्वत श्रृंखलाएं हैं?

Ans
- ✗ A. पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट, सतपुड़ा
- ✗ B. हिमालय, सतपुड़ा, काराकोरम
- ✗ C. हिमालय, अरावली, विंध्य
- ✓ D. जास्कर, लद्दाख, काराकोरम

Q.29 2025 के अद्यतन में सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य के क्षेत्रफल में कितना (लगभग) विस्तार किया गया था?

Ans
- ✗ A. ~25,000 हेक्टेयर
- ✗ B. ~10,000 हेक्टेयर
- ✓ C. ~44,000 हेक्टेयर
- ✗ D. ~60,000 हेक्टेयर

Adda247

Q.30 निम्नलिखित रैखिक समीकरणों के निकाय को हल कीजिए।

$$-p + 2q - 3r = -9$$
$$p - 3q + r = 6$$
$$2p - 5q + 5r = 17$$

Ans
- A. p = −1, q = 3, r = 2
- B. p = 1, q = −1, r = 2
- C. p = −1, q = −1, r = 3
- D. p = 1, q = 1, r = −2

Q.31 पारसी समाज सुधारक बेहरामजी मेरवानजी मालाबारी को निम्नलिखित में से किस सामाजिक कुरीति से संबंधित विधायी अधिनियमन के लिए श्रेय दिया जाता है?

Ans
- A. अस्पृश्यता
- B. बाल विवाह
- C. बालिका शिशु हत्या
- D. विधवा को जलाने या सती

Q.32 A और B के वेतन का अनुपात 4 : 5 है। यदि A के वेतन में 20% की वृद्धि की जाए और B के वेतन में 10% की कमी की जाए, तो उनके वेतन का नया अनुपात क्या होगा?

Ans
- A. 15 : 14
- B. 16 : 15
- C. 14 : 13
- D. 13 : 12

Q.33 1998 में किस प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायिका को कर्नाटक संगीत में उनके योगदान के लिए, भारत रत्न से सम्मानित किया गया था?

Ans
- A. अरुणा साईराम
- B. शुभा मुद्गल
- C. किशोरी अमोनकर
- D. एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी

Q.34 एक विद्यालय में प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित शिक्षकों को 5 : 3 के अनुपात में नियुक्त किया जाता है। प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन 4 : 1 के अनुपात में है। यदि एक महीने में सभी शिक्षकों को भुगतान किया गया कुल वेतन ₹4,60,000 है, तो अप्रशिक्षित शिक्षकों को कुल कितना वेतन भुगतान किया गया है?

Ans
- A. ₹60,000
- B. ₹1,20,000
- C. ₹75,000
- D. ₹45,000

Q.35 गोलू बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए पश्चिम की ओर 53 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 50 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 54 km ड्राइव करता है। वह पुनः बाएँ मुड़ता है और 60 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएँ मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए, उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न किया गया हो)

Ans
- A. 8 km, दक्षिण की ओर
- B. 10 km, दक्षिण की ओर
- C. 12 km, उत्तर की ओर
- D. 11 km, उत्तर की ओर

Q.36 पंडित जवाहरलाल नेहरू ने निम्नलिखित में से किसे "आधुनिक भारत के मंदिर" के रूप में वर्णित किया?

Ans
- ✗ A. अस्पताल
- ✗ B. विद्यालय
- ✗ C. संसद
- ✓ D. बांध

Q.37 'कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र' किस राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ A. कर्नाटक
- ✗ B. आंध्र प्रदेश
- ✗ C. केरल
- ✓ D. तमिलनाडु

Q.38 समय t=0 पर, 1 Kg द्रव्यमान का एक पिंड 100 m की ऊंचाई से विराम अवस्था से मुक्त रूप से पतन शुरू करता है। 3 सेकंड पर गतिज ऊर्जा की तुलना में, 4 सेकंड पर गतिज ऊर्जा ________ ।

Ans
- ✗ A. कम होती है
- ✓ B. अधिक होती है
- ✗ C. समान रहती है
- ✗ D. निर्धारित नहीं की जा सकती

Q.39 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
95 ÷ 5 + 378 × 3 - 161 = ?

Ans
- ✗ A. 680
- ✗ B. 590
- ✓ C. 510
- ✗ D. 620

Q.40 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) $ 8 6 2 @ $ # 1 5 # % * 9 7 5 @ 3 # 1 * 4 $ (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाईं ओर से छठा होगा?

Ans
- ✓ A. 9
- ✗ B. 7
- ✗ C. 5
- ✗ D. 3

Q.41 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: हर्ष, केतन, मयंक, रोहित और सिद्धार्थ, में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से सबसे छोटा कौन है?
(I) मयंक, हर्ष से लंबा है लेकिन केतन से छोटा है।
(II) रोहित, हर्ष से लंबा है लेकिन मयंक से छोटा है।

Ans
- ✗ A. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)
- ✓ C. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ D. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

Adda247

Q.42 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) 5 C £ T R 6 B $ D © 9 6 * 9 # Z 7 2 R $ O K (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीक हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से चौथे स्थान पर होगा?

Ans
- ✗ A. B
- ✗ B. 6
- ✓ C. R
- ✗ D. D

Q.43 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : KQM :: OUQ : %

Ans
- ✗ A. # = LRN , % = NTO
- ✓ B. # = LRN , % = NTP
- ✗ C. # = LRM , % = NTP
- ✗ D. # = LRN , % = NSP

Q.44 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
AIW 8, YGU 14, WES 20, UCQ 26, ?

Ans
- ✓ A. SAO 32
- ✗ B. SZM 32
- ✗ C. TAN 33
- ✗ D. RZN 32

Q.45 2025 में शुरू की गई कौन-सी स्वदेशी CAR T-सेल थेरेपी ने भारत के कैंसर उपचार और जैव-प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि को चिह्नित किया?

Ans
- ✗ A. IndiGene CAR T-सेल ऑन्कोलॉजी थेरेपी
- ✗ B. BharatCAR उन्नत सेलुलर इम्यूनोथेरेपी
- ✗ C. OncoShakti स्वदेशी जीन-आधारित कैंसर थेरेपी
- ✓ D. NexCAR19 स्वदेशी CAR T-सेल थेरेपी

Q.46 धनात्मक पूर्णांक हल (a, b) के उन क्रमित युग्मों की संख्या ज्ञात कीजिए जो इस प्रकार हैं कि a और b का महत्तम समापवर्तक (HCF) 28 है तथा a + b = 868 है।

Ans
- ✗ A. 20
- ✗ B. 15
- ✓ C. 30
- ✗ D. 25

Q.47 A, D की पत्नी है। D की एक पुत्री है जिसका नाम X है और एक पुत्र है जिसका नाम M है। M का विवाह Y से हुआ है। Y का A से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पुत्री का पुत्र
- ✗ B. पिता
- ✓ C. पुत्र की पत्नी
- ✗ D. पुत्र का पुत्र

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.48 प्रकाश की समानांतर किरणों को फोकस करने के लिए मुख्यत: __________ का उपयोग किया जाता है।

Ans
- ✗ A. अवतल लेंस
- ✗ B. बेलनाकार लेंस
- ✓ C. उत्तल लेंस
- ✗ D. द्विफोकसी लेंस

Q.49 हाल ही में, चीन के तटरक्षक बल द्वारा किए गए "अधिकार प्रवर्तन गश्त" के बाद सुर्खियों में आए सेनकाकू द्वीप (Senkaku Islands) समूह का प्रशासन किस देश द्वारा किया जाता है?

Ans
- ✓ A. जापान
- ✗ B. चीन
- ✗ C. ताइवान
- ✗ D. दक्षिण कोरिया

Q.50 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A@ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'T@S%G+H&K' है, तो T का K से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता का भाई
- ✓ B. माता के भाई का पुत्र
- ✗ C. पुत्र
- ✗ D. माता के पिता

Q.51 हार्ड डिस्क पर स्टोर डेटा को CPU द्वारा एक्सेस करने से पहले किस मेमोरी यूनिट में ट्रांसफर किया जाना चाहिए?

Ans
- ✓ A. प्राइमरी मेमोरी
- ✗ B. CD-ROM स्टोरेज
- ✗ C. BIOS मेमोरी
- ✗ D. सेकेंडरी मेमोरी

Q.52 एक निश्चित कूट भाषा में, 'NICE' को '8246' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'COST' को '3851' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✓ B. 8
- ✗ C. 5
- ✗ D. 4

Q.53 मानचित्र पर दो बिंदुओं के बीच की दूरी 4 cm है। मानचित्र का पैमाना 1 : 829483 है। दोनों बिंदुओं के बीच की वास्तविक दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।
(अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ A. 33.63
- ✗ B. 38.85
- ✗ C. 30.25
- ✓ D. 33.18

Q.54 गिरीश ने एक परीक्षा में 441 अंक प्राप्त किए जो कि पूर्णांक के 30% से 75 अंक कम थे। उसी परीक्षा में उसके मित्र ने 688 अंक प्राप्त किए। उसके मित्र द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है?

Ans
- ✓ A. 40%
- ✗ B. 42%
- ✗ C. 38%
- ✗ D. 44%

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.55 एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 100% अधिक निर्धारित करता है। 2% लाभ प्राप्त करने के लिए उसके द्वारा अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट दी जानी चाहिए?

Ans
- ✗ A. 48%
- ✗ B. 50%
- ✓ C. 49%
- ✗ D. 47%

Q.56 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्म-समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DRU : BWS
ZBQ : XGO

Ans
- ✗ A. BCG : WGB
- ✗ B. HKD : DNZ
- ✓ C. VLM : TQK
- ✗ D. CLU : AOS

Q.57 (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-4) × 8 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. -47
- ✗ B. -44
- ✗ C. -48
- ✓ D. -45

Q.58 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

23 26 32 41 53 ?

Ans
- ✗ A. 72
- ✗ B. 70
- ✓ C. 68
- ✗ D. 66

Q.59 यदि किसी बंटन का बहुलक 48 है तथा माध्य 72 है तो माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 62
- ✓ B. 64
- ✗ C. 60
- ✗ D. 54

Q.60 एक नाव स्थिर जल में 7 km/h की चाल से चलती है। नाव 40 km धारा की दिशा में जाती है और फिर 40 km धारा की विपरीत दिशा में जाती है। यह देखा गया कि इस यात्रा में लगा कुल समय, धारा की चाल 2 km/h तेज़ होने पर लगने वाले समय से 560 मिनट कम है। धारा की प्रारंभिक चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 3
- ✗ B. 4.5
- ✗ C. 4
- ✗ D. 3.5

| | | |
|---|---|---|
| Q.61 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी हाथ, पैर हैं। कुछ हाथ, कान हैं। कुछ कान, बाजू हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ पैर, कान हैं।<br>(II) कुछ हाथ, बाजू हैं। | |
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।<br>✓ B. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।<br>✗ C. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।<br>✗ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। | |
| Q.62 | भारतीय संविधान की उद्देशिका में प्रयुक्त 'संप्रभु (Sovereign)' शब्द का भारत के लिए क्या अर्थ है? | |
| Ans | ✗ A. गुटनिरपेक्षता की नीति<br>✓ B. बाह्य नियंत्रण से स्वतंत्र<br>✗ C. सभी नागरिकों के लिए धार्मिक स्वतंत्रता<br>✗ D. राष्ट्रपति नियुक्त करने की शक्ति | |
| Q.63 | एक पार्क में एक ध्वजस्तंभ है। ध्वजस्तंभ से 30 m दूर खड़ा एक व्यक्ति देखता है कि ध्वजस्तंभ के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है। ध्वजस्तंभ की ऊंचाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. $20\sqrt{3}$<br>✓ B. $10\sqrt{3}$<br>✗ C. $30\sqrt{3}$<br>✗ D. $40\sqrt{3}$ | |
| Q.64 | बांस में पर्ण शिराविन्यास और जड़ संरचना का एक विशिष्ट प्रकार पाया जाता है। इन विशेषताओं की क्या पहचान है? | |
| Ans | ✗ A. समांतर शिराविन्यास और मूसला जड़<br>✓ B. समांतर शिराविन्यास और झकड़ा जड़<br>✗ C. जालिकारूपी शिराविन्यास और मूसला जड़<br>✗ D. जालिकारूपी शिराविन्यास और झकड़ा जड़ | |
| Q.65 | एक भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण दल ने त्रिकोणीय मॉनिटरिंग ज़ोन बनाने वाले तीन अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। ये केंद्र एक निर्देशांक ग्रिड पर P(2,5), Q(8,1) और R(4,9) निर्देशांकों पर अवस्थित हैं, जहां प्रत्येक इकाई 1 किलोमीटर को दर्शाती है। त्रिकोणीय मॉनिटरिंग ज़ोन का क्षेत्रफल कितना है? | |
| Ans | ✓ A. 16 वर्ग किलोमीटर<br>✗ B. 14 वर्ग किलोमीटर<br>✗ C. 10 वर्ग किलोमीटर<br>✗ D. 12 वर्ग किलोमीटर | |
| Q.66 | दिसंबर 2025 में फिल्मफेयर OTT अवार्ड्स में 'कॉमेडी सीरीज में बेस्ट एक्टर (Best Actor in a Comedy Series)' का अवार्ड किनको संयुक्त रूप से दिया गया? | |
| Ans | ✓ A. बरुण सोबती और स्पर्श श्रीवास्तव<br>✗ B. विनय पाठक और राहुल भट्ट<br>✗ C. जयदीप अहलावत और विक्रमादित्य मोटवानी<br>✗ D. सान्या मल्होत्रा और मोनिका पंवार | |

Adda247

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ A. BD–FH
✗ B. GI–JL
✗ C. MO–PR
✗ D. JL–MO

Q.68 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 50 है, तो (7x + 6y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 6 | 19 | x | 5 | y | 59 |

Ans
✗ A. 182
✗ B. 170
✔ C. 190
✗ D. 200

Q.69 नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान समूह का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
12 – 26 – 46 – 70; 20 – 34 – 54 – 78

Ans
✔ A. 25 – 39 – 59 – 83
✗ B. 15 – 30 – 50 – 74
✗ C. 34 – 48 – 78 – 102
✗ D. 28 – 42 – 52 – 76

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा सिस्टम सॉफ्टवेयर का एक उदाहरण है?

Ans
✔ A. विंडोज (Windows)
✗ B. एमएस वर्ड (MS Word)
✗ C. पावर पॉइंट (Power Point)
✗ D. पेंट (Paint)

Q.71 सुब्रत द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गई कोई धनराशि 8 वर्षों में दोगुनी हो जाती है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। कितने वर्षों में वह धनराशि स्वयं की आठ गुनी हो जाएगी?

Ans
✗ A. 16
✔ B. 24
✗ C. 64
✗ D. 32

Q.72 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

19 D 54 A 6 C 4 B 2 = ?

Ans
✔ A. 18
✗ B. 17
✗ C. 14
✗ D. 16

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.73** चक्रीय समलंब PQRS में PS, QR के समांतर है। यदि ∠P = 85° है, तो अन्य तीन कोण ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ∠Q = 95°, ∠R = 85°, ∠S = 95°
- ✗ B. ∠Q = 85°, ∠R = 85°, ∠S = 95°
- ✗ C. ∠Q = 85°, ∠R = 95°, ∠S = 95°
- ✓ D. ∠Q = 95°, ∠R = 95°, ∠S = 85°

**Q.74** विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम कब लागू हुआ था?

**Ans**
- ✗ A. 26 जनवरी 1950
- ✗ B. 1 अप्रैल 1988
- ✗ C. 15 अगस्त 1947
- ✓ D. 9 नवंबर 1995

**Q.75** चतुर्भुज ABCD में, $\angle A$ और $\angle B$ के समद्विभाजक, O पर मिलते हैं तथा $\angle AOB = 41^\circ$ है। $\angle C + \angle D$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $98^\circ$
- ✗ B. $49^\circ$
- ✓ C. $82^\circ$
- ✗ D. $41^\circ$

**Q.76** A, B और C मिलकर एक निश्चित कार्य को 36 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B और C मिलकर उसी कार्य को 48 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B की दक्षता A से 75% अधिक है। A, B और C मिलकर 15 दिनों तक कार्य करते हैं। शेष कार्य को B अकेले कितने दिनों में पूरा करेगा?

**Ans**
- ✗ A. 44 दिन
- ✓ B. 48 दिन
- ✗ C. 51 दिन
- ✗ D. 53 दिन

**Q.77** सात व्यक्तियों, E, F, G, H, J, K और L, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। L और J के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। H और K के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। E की परीक्षा J से पहले किसी दिन और F के बाद किसी दिन होती है। K से पहले केवल G की परीक्षा होती है। L से पहले कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

**Q.78** एक बेलनाकार टंकी का आयतन 1584 घन मीटर है। यदि टंकी की ऊँचाई 14 m है, तो टंकी का व्यास ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

**Ans**
- ✗ A. 6 m
- ✗ B. 9 m
- ✗ C. 18 m
- ✓ D. 12 m

**Q.79** समूह A में 46 सदस्य, समूह B में 15 सदस्य और समूह C में 11 सदस्य हैं। इन सभी समूहों के सभी सदस्य एक रेस्तरां में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹496, ₹106 और ₹406 है। प्रति सदस्य खर्च की गई समग्र औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 401
- ✗ B. 396
- ✗ C. 399
- ✗ D. 403

**Q.80** 7, 9 और 11 का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 9
- ✘ B. 8
- ✘ C. 7
- ✘ D. 10

**Q.81** भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राज्यपाल के कार्यकाल से संबंधित है, जिसमें राष्ट्रपति के स्वेच्छानिर्णय से सेवा करने और पद त्याग करने का तरीका शामिल है?

**Ans**
- ✘ A. अनुच्छेद 158
- ✘ B. अनुच्छेद 155
- ✔ C. अनुच्छेद 156
- ✘ D. अनुच्छेद 157

**Q.82** बास्केटबॉल खेल में कौन-सी डिफेंसिव रणनीति प्रत्येक डिफेंडर (defender) को आकार और क्षमता के आधार पर एक विशिष्ट आक्रामक खिलाड़ी (offensive player) को गार्ड (guard) करने का कार्य सौंपती है?

**Ans**
- ✘ A. फुल कोर्ट प्रेस (Full court press)
- ✔ B. मैन-टू-मैन डिफेंस (Man to man defence)
- ✘ C. कंबाइंड डिफेंस (Combined defence)
- ✘ D. ज़ोन डिफेंस (Zone defence)

**Q.83** उच्चतम न्यायालय का दिनांक 29 दिसंबर 2025 का आदेश एक स्वतः संज्ञान मामले में पारित किया गया था जिसका शीर्षक " इन रे: ____ पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं की परिभाषा और संबंधित मुद्दे" शीर्षक था। यहाँ किस पर्वत श्रृंखला का उल्लेख किया जा रहा है?

**Ans**
- ✔ A. अरावली पहाड़ियाँ और पर्वत श्रृंखलाएं
- ✘ B. शिवालिक पहाड़ियां
- ✘ C. सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाएं
- ✘ D. विंध्य पर्वत श्रृंखलाएं

**Q.84** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(9, 17, 7)
(6, 12, 5)

**Ans**
- ✘ A. (6, 12, 4)
- ✘ B. (2, 5, 3)
- ✔ C. (4, 9, 4)
- ✘ D. (9, 17, 5)

**Q.85** सिस्टम सॉफ़्टवेयर का कौन-सा घटक सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) और प्रिंटर या माउस जैसी पेरिफेरल डिवाइसों के बीच डेटा प्रवाह को प्रबंधित करने के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✘ A. ऑपरेटिंग सिस्टम कर्नेल (Operating System Kernel)
- ✘ B. एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस (Application Programming Interface - API)
- ✘ C. यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (Utility Software)
- ✔ D. डिवाइस ड्राइवर (Device Driver)

Q.86 'प्रयाग प्रशस्ति (Prayaga prashasti)', जिसे 'इलाहाबाद स्तंभ (Allahabad pillar)' के नाम से भी जाना जाता है, निम्नलिखित में से किस शासक की स्तुति में बनाई गई है?

Ans
- ✔ A. समुद्रगुप्त
- ✘ B. अशोक
- ✘ C. रुद्रदामन
- ✘ D. चंद्रगुप्त II

Q.87 एक सेल के दौरान, 35% माल को 22% के लाभ पर बेचा जाता है, शेष माल का 40% माल, 37% के लाभ पर बेचा जाता है और उसके बाद के शेष माल को 38% की हानि पर बेचा जाता है। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 5.4
- ✔ B. 2.5
- ✘ C. 6.8
- ✘ D. 10.8

Q.88 बार-बार होने वाली ज्वालामुखीय सक्रियता के कारण किस क्षेत्र को "रिंग ऑफ फायर (Ring of Fire)" के रूप में जाना जाता है?

Ans
- ✘ A. मध्य अटलांटिक कटक (Mid Atlantic Ridge)
- ✔ B. प्रशांत महासागर रिम (Pacific Ocean Rim)
- ✘ C. पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट (East African Rift)
- ✘ D. हिंद महासागर तल (Indian Ocean Floor)

Q.89 सात व्यक्ति, B, C, O, P, Q, R और S, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। Q पंक्ति के बाएं छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। Q और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, S के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। O, B के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। R और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P और O के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✔ A. चार
- ✘ B. तीन
- ✘ C. दो
- ✘ D. एक

Q.90 2016 का 101वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम निम्नलिखित में से किससे संबंधित था?

Ans
- ✘ A. भारत और बांग्लादेश के बीच विदेशी अन्तःक्षेत्र का आदान-प्रदान और अन्य क्षेत्रीय समायोजन
- ✔ B. भारत में वस्तु एवं सेवा कर (GST) की शुरुआत
- ✘ C. छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्यों में जनजातीय कल्याण के प्रभारी मंत्री की नियुक्ति
- ✘ D. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) की शुरुआत

Q.91 निम्नलिखित में से किस गैस को उत्कृष्ट गैस के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है?

Ans
- ✘ A. हीलियम
- ✘ B. नियॉन
- ✘ C. आर्गन
- ✔ D. ऑक्सीजन

Q.92 निम्नलिखित में से किसने हिंद महासागर में पुर्तगाली नौसैनिक शक्ति को मजबूत करने के लिए ब्लू वाटर पॉलिसी (Blue Water Policy) की शुरुआत की थी?

Ans
- ✘ A. नूनो डा कुन्हा (Nuno da Cunha)
- ✘ B. अफोंसो डी अल्बुकर्क (Afonso de Albuquerque)
- ✔ C. फ्रांसिस्को-डी-अल्मेडा (Francisco De Almeida)
- ✘ D. बारटोलोमीयु डियाज (Bartholomew Diaz)

Q.93 समीकरणों $x^2 - 21x + 110 = 0$ और $110 + x - x^2 = 0$ का उभयनिष्ठ मूल (common root) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10
- ✓ B. 11
- ✗ C. –10
- ✗ D. –11

Q.94 यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स (2019) के अनुसार, 2050 तक कौन-सा क्षेत्र वैश्विक जनसंख्या वृद्धि में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए अनुमानित है, जिससे भविष्य के जनसंख्या घनत्व के रुझान प्रभावित होंगे?

Ans
- ✗ A. पूर्वी दक्षिणपूर्वी एशिया (Eastern Southeastern Asia)
- ✗ B. यूरोप उत्तरी अमेरिका (Europe North America)
- ✗ C. लैटिन अमेरिका और कैरिबियन (Latin America and the Caribbean)
- ✓ D. उप-सहारा अफ्रीका (Sub Saharan Africa)

Q.95 P, Q, R, S, T, U और V की परीक्षाएं सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिनों में हैं। V की परीक्षा बृहस्पतिवार को है। T की परीक्षा P के बाद किसी दिन और U से पहले किसी दिन है। Q की परीक्षा R के बाद किसी दिन लेकिन S से पहले किसी दिन है। R की परीक्षा V के बाद किसी दिन है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा रविवार को है?

Ans
- ✗ A. P
- ✓ B. S
- ✗ C. V
- ✗ D. R

Q.96 किस संविधान संशोधन के माध्यम से मौलिक कर्तव्यों को संविधान में शामिल किया गया था?

Ans
- ✗ A. 61वां संशोधन, 1989
- ✗ B. 52वां संशोधन, 1985
- ✗ C. 97वां संशोधन, 2011
- ✓ D. 42वां संशोधन, 1976

Q.97 सात व्यक्ति F, G, H, I, U, V और W एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G, U के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। H के दाएँ से गिनने पर, F और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G, H के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। V, W के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। I के दाएँ से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. F
- ✗ B. W
- ✗ C. U
- ✓ D. G

Q.98 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सही नहीं है?

Ans
- ✗ A. किसी राज्य विधानमंडल को वस्तुओं या सेवाओं या दोनों की आपूर्ति पर कर लगाने से प्रतिबंधित किया गया है, यदि ऐसी आपूर्ति राज्य के बाहर होती है और यदि ऐसी आपूर्ति आयात या निर्यात के दौरान होती है।
- ✗ B. राज्य विधानमंडल व्यवसायों, व्यापारों, पेशों और रोजगारों पर कर लगा सकता है।
- ✓ C. राज्य विधानमंडल, विद्युत की खपत या बिक्री पर कर नहीं लगा सकता है।
- ✗ D. अनुच्छेद 282 केंद्र और राज्यों दोनों को किसी भी सार्वजनिक उद्देश्य के लिए अनुदान देने का अधिकार देता है, भले ही यह उनकी संबंधित विधायी क्षमता के दायरे में न हो।

Q.99 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

35 37 40 45 52 ?

Ans
- ✗ A. 62
- ✗ B. 66
- ✓ C. 63
- ✗ D. 65

Q.100 यदि $x+y+z=10$, $x^2+y^2+z^2=38$, $5xyz=150$ और $(xy+yz+zx)=31$ है, तो $2(x^3+y^3+z^3)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 520
- ✗ B. 160
- ✗ C. 260
- ✓ D. 320

"